## खबर संक्षेप

### आज जिला गौशाला समन्वय समिति की कार्यकारिणी बैठक

**शहडोल।** उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.अशोक कुमार सिंह ने बताया कि गौपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति, पशु कल्याण समिति तथा जिला गौशाला समन्वय समिति की कार्यकारिणी बैठक 12 जून को दोपहर 12 कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में आयोजित की जाएगी।

### जिले में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

**शहडोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा जिले के जनपद पंचायत जयसिंनगर के विभिन्न ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 12 जून 2025 को ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान, डॉ. अल्पना शर्मा एवं डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम चचाई, बोड्डिहा, निपनिया, बाणसागर,पसगढ़ी, पपौंध, भन्नी, पपरेड़ी तथ सरसी में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### ग्रामों में कृषि शिविरों का किया गया आयोजन



**शहडोल।** खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान, डॉ. अल्पना शर्मा एवं डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम बुड़वा, सरवाही, नौढिय़ा, समान, देवरांव, खेरहा, जनकपुर, खरपा एवं तिखवा में कृषि शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई। खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई।

### किसानों को दी जा रही उन्नत खेती की जानकारी



**शहडोल।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषि विभाग के अधिकारी और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक किसानों को उन्नत खेती का मंत्र दे रहे हैं। शिविरों में किसानों को कृषि, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जल प्रबंधन और जल संरक्षण के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम तिखवा में कृषि शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को फसलों की कतार से कतार में बोनी, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल में खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। किसानों को उनके खेतों की माटी का परीक्षण कराकर मृदा हेल्थ कार्ड बनाने की समझाइश दी गई। किसानों को कई आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। कृषि विभाग किसानों के बीच जाकर सदैव मार्गदशन करे।

### शातिरानापन से हो रहा प्लाटिंग का कारोबार

# भू-माफिया की स्थिति में पहुंच चुके पटवारी

**एक ही तहसील में कई वर्षो से काम कर रहे पटवारी बाकायदा भू-माफिया की स्थिति में आ चुके हैं और उनके द्वारा भूमि का कारोबार बड़े ही विशाल स्तर पर संचालित किया जाता है। सार्वजनिक महत्व की जमीनों को अवैध घोषित करने में माहिर अनेक पटवारी एक ही स्थान पर अनेक वर्षो से जमे हुए हैं। जमीन का व्यवसाय दलालों के साथ कर रहे पटवारी अपने अनुभव एवं संपर्को का लाभ उठाकर बेहद ही शातिरापन के साथ इस व्यवसाय को करने में जुटे हुए हैं।**



**शहडोल।** जिले के लगभग हर विभागों में तबादलों को दौर चल रहा है, अब वर्षों से एक जगह पर जमे राजस्व कर्मचारियों जैसे राजस्व निरीक्षक, पटवारी का तबादला होने की सुगबुहाट शुरू होते ही जिले में खलबली मची हुई है। जिले के पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों की तबादला सूची तैयार की जा रही है। जिला मुख्यालय और अनुभागों में पदस्थ अधिकारियों के चहेते पटवारी, राजस्व निरीक्षक और अन्य राजस्व कर्मचारियों का तबादला दूसरी जगह पर न हो, इसके लिए अधिकारी अपने चहेतों को बचाने के प्रयास में लगे हुए हैं। माना जा रहा है कि अगर अधिकारियों की चली तो, पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों के तबादले में भी खानापूर्ति कर ली जायेगी। तबादलों में अगर खानापूर्ति की गई तो सबसे अधिक नुकसान उन पटवारियों, राजस्व निरीक्षकों और राजस्व कर्मियों का होगा, जिनका कोई मजबूत पैरोकार नहीं है।

### हटेंगे कई पटवारी

वर्षों से एक ही जगह पर पदस्थ राजस्व निरीक्षक और पटवारियों का हटना तय है, क्योंकि जिले में कई ऐसे पटवारी हैं, जो 5 साल या उससे अधिक समय से एक ही हल्के व एक ही तहसील में जमें हुए हैं। अंगद के पांव की तरह जमे कुछ पटवारियों को हटाने में जिला प्रशासन के अधिकारियों के पसीने छूट रहे हैं। क्योंकि पटवारी ट्रांसफर रोकवाने के लिए जी-जान लगाये हुए हैं। कुछ पटवारी स्थानीय नेताओं से लेकर भोपाल तक दौड़ लगा रहे हैं, ताकि उनका तबादला न हो। कोटमा, गोरतरा, चांपा, कोनी, पिपरिया, पोंगरी, कल्याणपुर में पदस्थ पटवारी वर्षो से इस क्षेत्र में ईमानदारी से सेवाएं दे रहे है, यह अलग बात है कि इन क्षेत्रों में इनके कार्यकाल के दौरान जमकर अवैध कालोनिया बन गई।

### यह कहती है गाइड लाईन

मध्यप्रदेश राजस्व विभाग ने अधिकारी-कर्मचारियों के लिए जो गाइडलाइन जारी की है, उसमें पटवारी के लिए अधिकतम 3 वर्ष और राजस्व निरीक्षकों के लिए अधिकतम 5 वर्ष समय सीमा तय की है, इससे ज्यादा समय तक वह एक ही स्थान पर सेवाएं नहीं दे सकते, लेकिन संभागीय मुख्यालय सहित जिले में कई ऐसे पटवारी है, जिनका वर्षो से तहसील तो, क्या हलका तक परिवर्तित नहीं किया गया है, संभागीय मुख्यालय से लगे लगभग ग्राम पंचायतों में अवैध प्लाटिंग का खेल पटवारियों के संरक्षण में ही फल-फूल रहा है। चर्चा है कि कई पटवारी राजधानी के उच्चाधिकारियों के संपर्क में है, जिस कारण उनका तबादला नहीं हो पाता, दबाववश हो भी गया तो, कुछ ही दिन बाद ही वह फिर उसी हल्के में अपनी पदस्थापना करा लेते हैं।

### आवेदक लगा रहे चक्कर

जिला मुख्यालय की सोहागपुर तहसील सहित अन्य तहसीलों में पदस्थ डायवर्सन-नजूल, नकल शाखा के बाबू अपना एकाधिकार समझकर लोगों से बगैर चढ़ावा लिए कोई कार्य नहीं करते, अगर चढ़ावा नहीं चढ़ाया जाता है तब तक लोगों को इधर से उधर भटकाते हैं, बगैर दक्षिणा राजस्व विभाग में काम करा लेना किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है, वर्षो से राजस्व विभाग में पदस्थ बाबुओं को भी पटवारियों की तरह आज तक इधर-ऊधर नहीं किया गया है, आश्चर्य की बात यह है कि वर्षो से सोहागपुर तहसील में पशु विभाग का कर्मचारी सेवाएं दे रहा है, अब तो ऐसा लगता है कि वह बाबू यहां आने वाले लोगों को ही पशु समझने लगा है। नियम के मुताबिक नियुक्तियों और तबादले में एक कर्मचारी को एक ही जगह पर तीन वर्ष से ज्यादा कहीं नहीं रखा जा सकता, जिले में तहसील के बाबूओं के मामले में इस नियम की धज्जियां उड़ा कर रख दी गई हैं।

# सजा के डर से राधे-राधे कर रहे लोग

**उमरिया।** राधे राधे करते-करते लोग बावरे हो रहे हैं, फिल्मी दुनिया का यह गाना इन दोनों मुख्यालय में बिल्कुल सटीक बैठ रहा है, राधे राधे की धुन के बीच कार्यवाही ऐसी होती है कि पहले तो लगता है कि उम्र कैद की सजा हो जाएगी, लेकिन बाद में साहब राहत भी दे देते हैं।




यह अलग बात है कि सब का जुर्माना इतना ज्यादा होता है कि पहले सजा के डर से जो लोग राधे-राधे करते हैं, बाद में साहब का नाम लेकर राधे-राधे करते नजर आते हैं। कहीं से भी दो, लेकिन साहब को मनचाही रकम तो चाहिए ही होती है, मुख्यालय में ही कोतवाली प्रभारी के अलावा एसडीओपी से लेकर एसपी और एसपी जैसे तमाम आला अधिकारी मौजूद है, लेकिन राधे-राधे के भय और वसूली से कोई भी मुसीबत के मारों को नहीं बचा पा रहा है,

मंगलवार का दिन आने ही वाला था, सुबह का उजाला भी नहीं हुआ था, स्टेट बैंक के पास राधे-राधे करते हुए जब गाड़ी घूम रही थी, इसी दौरान सात मजदूर जिनके सर पर छत भी नहीं थी, थोड़ी सी छांव लेकर बाहर लेटे हुए थे, बस सब को इन्हीं में जुगाड़ नजर आ गया और वह राधे-राधे चिल्लाते रहे, लेकिन उन्हें कोतवाली ले जाया गया, मुसाफिर क्यों नहीं दर्ज कराई, आधार कार्ड कहां है , समग्र आईडी कहां है, जहां से आए हो वहां के थानेदार से गांव के सरपंच से बात कराओ, इन दिनों भारी जांच चल रही है, कहीं आतंकवादी या उग्रवादी तो नहीं हो।

ऐसे तमाम सवालों के घेरे में जब सात मजदूर आए तो, उनके मुंह से सिर्फ राधे-राधे निकल रहा था, किसी तरह आने वाले दिनों के लिए जमा की गई पूंजी किसी ने एटीएम कार्ड से तो किसी के किसी परिचित से कुछ घंटे में ही राशि इकट्ठी कराई गई। यह पूरा वाक्या परिसर के कमरे में भी कैद होता रहा, सीसीटीवी से नजर बचाने के लिए प्रयास किए गए, कुछ ना कुछ तो कैमरे में कैद हो ही गया, जो कब वायरल हो जाए, यह कहा नहीं जा सकता, कई घंटे की मशक्कत के बाद जब लोग बाहर निकले तब भी हुए राधे ही राधे चिल्ला रहे थे।

### संभाग स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आयुक्त की अध्यक्षता में संपन्न

# संवेनदशीलता से हो अत्याचार पीड़ितों के प्रकरणों का निराकरणः आयुक्त

**शहडोल।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संभाग स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अत्याचार पीड़ितों के प्रकरणों का निराकरण संवेनदशीलता से हो जिससे उन्हें न्याय मिल सके। जाति प्रमाण पत्र के अभाव में प्रकरणों में राहत राशि जारी करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसी तरह लोक अभियोजन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि न्यायालयों मे लंबित प्रकरणों में निर्णय होने के संबंध में त्वरित कार्यवाही कराएं। बैठक में आयुक्त द्वारा पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की जानकारी ली गई। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत पीड़ितों को वितरित की गई राहत राशि की समीक्षा, हत्या के प्रकरणों में मासिक



जीवन निर्वाह भत्ता, रोजगार तथा स्वरोजगार हेतु की गई कार्यवाही, उनके बच्चों की शिक्षा, पुलिस थानों में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा, बिना चालान के दो माह से अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों की जानकारी तथा अस्पृस्यता निवारण हेतु अनूसूचित जाति के दम्पत्तियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की भी समीक्षा की।

उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के पूर्व वर्ष के संभाग के तीनों जिलों में सभी 158 प्रकरणों में 1 करोड़ 50 लाख रूपए की राहत राशि वितरित की गई है। कोई प्रकरण शेष नहीं हैं। 01 जनवरी 2024 से मई 2025 तक 258 प्रकरणों में 263 लाख रूपए की राहत राशि का भुगतान किया गया है। इसी अवधि में संभाग के तीनों जिलों मे हत्या से संबंधित 10 प्रकरणों में 73 लाख 87 हजार की राहत राशि स्वीकृत की गई। हत्या के प्रकरणों में मृतक के पुत्र-पुत्रियों को छात्रावास में प्रवेश पात्रतानुसार दिलाया गया। राहत के प्रकरणों में संभाग के तीनों जिलों मे 1428 प्रकरण प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें 30 प्रकरणों में सजा हुई है। 280 प्रकरणों में बरी हुए हैं। अपील योग्य 29 प्रकरण पाए गए। अस्पृस्यता निवारण अंतर्जातीय प्रोत्साहन योजना के तहत संभाग में 10 दम्पत्तियों को 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी गई।

बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, श्रीमती निवेदिता नायडु, मोती उर-रहमान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह, अनूपपुर तन्मय वशिष्ट, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग, तीनों जिलों के सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, लोक अभियोजन अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूतपूर्व सैनिक संगठन का हुआ शपथ ग्रहण





**शहडोल। 10 जून मंगलवार को अतुल सदन में सांयकाल, भूतपूर्व सैनिक संगठन का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता एवं ऐतिहासिक रुप से गरिमा के साथ कलेक्टर डॉ केदार सिंह मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि रामजी श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक एवं लेफ्टिनेंट कर्नल धींरेंद्र कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिले में भूतपूर्व सैनिक वर्षो से निवास करते हैं, परंतु उनका जिला स्तर पर पहली बार संगठन न सिर्फ बना, बल्कि नवगठित यह संगठन, सामाजिक क्षेत्र में लगातार सक्रिय भी हो गया है, कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा-अर्चना दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई । जिससे संपूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया।**

**पूरे समारोह में अनुशासन, गरिमा और भारतीय संस्कृति की अद्भुत झलक दिखलाई दी।**

अतिथियों के स्वागत के बाद संगठन के अध्यक्ष जे.पी.गुप्ता द्वारा स्वागत उद्बोधन में बताया गया कि मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वय की प्रेरणा से ही 26 अप्रैल 2025 को संगठन का गठन किया गया और सर्वप्रथम 02 मई को, सब्जी मंडी क्षेत्र शहडोल में संगठन द्वारा सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया। जो लगातार पांच सप्ताह तक संचालित रहा। पहलगाम आतंकी घटना में, संगठन द्वारा कैंडल मार्च निकालकर, न्यू गांधी चौक में मृतकों को श्रद्धांजलि समर्पित की गई। 10 मई को सिंदूर आपरेशन में संलग्न सैन्यबलों की सुरक्षा के लिए कल्याणपुर हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ, संगठन द्वारा किया गया और साथ ही रक्षा मंत्री भारत सरकार एवं स्थानीय शासन-प्रशासन को, संगठन के सदस्यों द्वारा देश-समाज की रक्षा-सुरक्षा में पुनः सेवा देने का संकल्प पत्र, ज्ञापन के रुप में दिया गया। तिरंगा यात्राओं में राष्ट्र भावना से, संगठन सम्मिलित हुआ और विश्व पर्यावरण दिवस पर नागरिकों को विभिन्न प्रजाति के पौधों को, शपथपत्र भरवा कर सार्वजनिक वितरण किया गया। अध्यक्ष द्वारा मंच को आश्वस्त किया गया कि शासन-प्रशासन के मार्गदर्शन में एवं उनके सहयोग से, भविष्य में भी लगातार सामाजिक जीवन में, समाज व राष्ट्र की रक्षा-सुरक्षा व सेवा में संकल्पित रहेंगे। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को अतिथियों द्वारा, देश व समाज की सेवा-सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाया गया एवं प्रमाण पत्र दिया गया। सेवानिवृत्ति सैनिकों ने फिर एक बार, राष्ट्र व समाज के प्रति अपनी निष्ठा व आस्था को प्रदर्शित करते हुए शासन-प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से सेवा सुरक्षा का संकल्प लिये। जिसकी करतल ध्वनि से सभी ने सराहना की। मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ.केदार सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में सामाजिक बुराइयों की ओर भूतपूर्व सैनिकों का ध्यान आकर्षित करते हुए, इन बुराइयों की रोकथाम में संगठन को अपनी अहम भूमिका निभाने का निर्देश दिए। विशेष कर नशा उन्मूलन और नशे की लत में होने वाली घटनाओं एवं बाल विवाह जैसी समस्याओं की ओर भूतपूर्व सैनिकों का ध्यान आकृष्ट किए। सैनिकों को राष्ट्र की रीढ़ बताते हुए कहे कि सेवानिवृत्ति कोई विराम नहीं, वरन सामाजिक उत्तरदायित्व की एक नई शुरुआत है। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव द्वारा अपने संबोधन में, सैनिकों के बलिदान को नमन करते हुए, समाज में उनकी भागीदारी को प्रेरणा स्त्रोत बताए। उन्होंने वर्तमान में, नाबालिग व तत्काल बालिग हुई लड़कियों के भागने की बढ़ती घटनाओं के प्रति अपनी चिंता व्यक्त करते हुए सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन में संगठन को कार्य करने के लिए उत्प्रेरित किये।

विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल धीरेंद्र कुमार द्वारा अपने उद्बोधन में, संगठन के उद्देश्यों व गतिविधियों की विस्तार से जानकारी देते हुए सैनिकों के कल्याण में, प्रशासनिक सहयोग का पूर्ण आश्वासन दिये। अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर, संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह का समापन अतिथियों के साथ सामूहिक भोज, सौहार्दपूर्ण वातावरण में आपसी संवाद के साथ संपन्न हुआ। शहडोल से उठी यह प्रेरणादायक लहर, आने वाले समय में, समूचे देश में भूतपूर्व सैनिक संगठनों के लिए, एक आदर्श बनेगा।

# जोर तलैया के बगल में मिला लापता शिव कुमार का शव

**उमरिया।** जिले के इंदवार थाना अंतर्गत अमरपुर चौकी के बकेली गांव में क्षत विक्षत हालत में शव मिला है, शव की शिनाख्ती शिवकुमार पिता स्व लक्ष्मण यादव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मनटोला (बकेली) के रूप में होना बताया जा रहा है। घटना स्थल पर पेड़ पर लटकता फांसी का फंदा भी मिला है, जो आत्महत्या की ओर इंगित कर रहा है, परन्तु शव ज़मीन पर पड़े होने की वजह से घटना संदिग्ध जान पड़ रही है। सूत्रों की माने तो मृतक सोमवार को घर से निकला था,जिसके बाद से ही लापता रहा है, परिजनों द्वारा काफी प्रयास के बाद भी युवक के न मिलने पर अमरपुर चौकी में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। घटना स्थल पर युवक का शव सड़ांध हालत में है एवं मृत शरीर भी तेज़ तपन की वजह से काला हो चुका है, जिससे कयास लगाया जा रहा है कि 48 घण्टे पहले घर से निकलने के कुछ देर बाद ही युवक की मौत हो गई है। घटना की जानकारी पर बगैहा रोड के बगल में मौजूद जोर तलैया यानी घटना स्थल पर अमरपुर पुलिस पहुंची है,और ज़रूरी तफ्तीश कर शव कब्जे में ली है। मृत युवक चार भाई और एक बहन है, इनमे बड़ा भाई कालू यादव महज घर में है, बाकी दो अन्य भाई रामकुमार यादव और भारत यादव रोजगार के लिए प्रदेश से बाहर है, जिन्हें घटना की जानकारी दी गई है। मृतक शिवकुमार का विवाह साल भर पहले पड़ोसी गांव बकेली में हुआ है, ऐसे में किन कारणों एवं किन परिस्थितियों में शिवकुमार की मौत हुई, बड़ा सवाल है। घटना के बाद से ही परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है,वही गांव वाले भी इस दुखद मौत से शोकसंतप्त है।

## जंगली हाथियों की हो रही पहचान, दिया जा रहा विशेष कोड-पहचान

# बांधवगढ़ में पहली बार बन रही एलीफेंट आईडी




**उमरिया।** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एक अनोखी और पहली बार की जा रही पहल के चलते एक बार फिर सुर्खियों में है। जहां अब तक यह टाइगर रिजर्व बाघों के संरक्षण और गणना के लिए प्रसिद्ध रहा है, वहीं अब यहां जंगली हाथियों की पहचान भी डिजिटल तरीके से की जा रही है। प्रबंधन द्वारा एलीफेंट आईडी परियोजना शुरू की गई है, जिसके तहत हर हाथी की तस्वीर खींचकर उसे एक विशेष कोड और पहचान क्रमांक दिया जा रहा है। यह प्रक्रिया प्रदेश में पहली बार किसी टाइगर रिजर्व में अपनाई जा रही है। इसका प्रमुख उद्देश्य यह है कि अब तक जिन जंगली हाथियों की संख्या का सिर्फ अनुमान ही लगाया जाता था, उनकी सटीक गिनती और गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इसके साथ ही यह भी पता चल सकेगा कि कौन-कौन से हाथी किस-किस झुंड का हिस्सा हैं और वे किन क्षेत्रों में ज्यादा सक्रिय हैं।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों की 139 बीटों में समय-समय पर हाथियों की गतिविधियां देखी जाती हैं। जब भी किसी क्षेत्र में हाथियों का मूवमेंट दिखाई देता है, तो रिजर्व प्रबंधन द्वारा हाथी विशेषज्ञों की टीम मौके पर भेजी जाती है। यह टीम हाथियों के सिर, कान, पूंछ और पीठ की तस्वीरें लेती है। इन अंगों की तस्वीरों को आधार बनाकर कंप्यूटर पर उनकी विशिष्ट पहचान यानी आईडी तैयार की जाती है। इसके बाद हर हाथी को एक कोड नंबर दिया जाता है, जो ई-1 , ई-2 जैसे प्रारूप में होता है।इस परियोजना की अनुमति प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) से ली गई है, जिसके तहत टाइगर रिजर्व की टीम और विशेषज्ञ मिलकर यह कार्य कर रहे हैं। इस दौरान पूरी सावधानी बरती जाती है ताकि जंगली हाथियों से टीम की सुरक्षा बनी रहे और उन्हें कोई नुकसान न पहुंचे।हाथियों की पहचान की इस प्रक्रिया से न केवल उनकी सटीक संख्या सामने आएगी, बल्कि उनकी लोकेशन, गतिविधियों और समूहों की निगरानी भी संभव हो सकेगी। इसके चलते हाथी मानव संघर्ष जैसी घटनाओं को कम करने में भी मदद मिल सकती है, क्योंकि समय रहते हाथियों की लोकेशन का पता लगाकर एहतियाती कदम उठाए जा सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### महिला से अवैध शराब जप्त

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा पुलिस के द्वारा अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाते हुए महिला आरोपी के कब्जे से 6 लीटर अवैध शराब महुआ वाली कीमती 750 जप्त करते हुए कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि वार्ड क्रमांक 4 दर्री टोला में आरोपी महिला के द्वारा जारीकेन में अवैध शराब छुपा कर रखी थी। गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आबकारी एक्ट में कैस दर्ज किया गया।

### तेज गरज चमक के साथ अमरकंटक में 1 घंटे की जोरदार बारिश

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में मंगलवार की शाम 4 बजे से 5:30 बजे तक डेढ़ घंटे की बहुत तेज आंधी तूफान गरज लपक के साथ जबरदस्त बारिश हुई फलस्वरूप विगत एक सप्ताह से पड़ रही तेज उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। जेठ माह शुक्ल पक्ष चतुर्दशी अनुराधा नक्षत्र में पवित्र नगरी अमरकंटक में आज भारी आंधी तूफान के साथ बहुत तेज गरज लपक के साथ डेढ़ घंटे की अनवरत बारिश से अमरकंटक का मौसम अच्छा खासा ठंडक भरा हो गया है विगत दो दिनों से अमरकंटक नगर का तापमान 35/36 डिग्री सेल्सियस चल रहा था इस उमस भरी गर्मी से लोगों को बेचैनी महसूस हो रही थी जो गर्मी नौतपा में महसूस नहीं हुई और पूरे गर्मी के मौसम में गर्मी महसूस नहीं की गई बीच-बीच में बारिश होती रही इसके चलते अमरकंटक का मौसम सामान्य एवं सुहाना मौसम बना रहा लेकिन विगत दो-तीन दिनों से अमरकंटक नगर में गर्मी का एहसास हुआ भी उमस भरी से आम जनता एवं पर्यटक यात्री भी परेशान हो रहे थे। अप्रत्याशित वर्षा से लोगों ने राहत की सांस ली तथा मौसम सुखद एवं सुहाना हो गया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पति पत्नी के बीच विवाद

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** मंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पति पत्नी के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप लेते हुए दोनों पक्षों के द्वारा एक दूसरे पर मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। शबनम बी निवासी पैरीचूहा द्वारा थाना कोतमा में पुत्री के साथ पति सफीक एवं उसके परिजनों द्वारा प्रताड़ित करते हुए मारपीट एवं धमकी दिए जाने के आरोप लगाया गया है। घटना के बारे बताया जाता है कि शबनम बी अपनी पुत्री का विवाह कोतमा के मो सफीक से किया था। बकरीद त्यौहार के दिन पति मायके से कोतमा ससुराल लाने के बाद पारिवारिक कलह करते हुए गाली गलौज, मारपीट एवं धमकी दी गई। फोन से घटना की सूचना पाते ही मांयके पक्ष के लोगों द्वारा कोतमा पहुंचते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। घायल महिला कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती होकर अपना उपचार करा रही है । पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### राज्य स्तरीय कोल जनजाति विकास प्राधिकरण का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया।** अध्यक्ष राज्य स्तरीय कोल जन जाति विकास प्राधिकरण कैबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल एक दिवसीय भ्रमण पर 12 जून को उमरिया आऐंगे । श्री रौतेल 12 जून को प्रातः 9 बजे अनूपपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12 बजे उमरिया पहुंचेगे , जहां स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के पश्चात सायं 4 बजे उमरिया से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे ।

### नलकूप खनन के लिए लगाया गया प्रतिबंध सशर्त किया गया मुक्त

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने उमरिया जिले में वर्ष 2024 में सामान्य औसत वर्षा से अधिक वर्षा होने के कारण जिले में जल अभावग्रस्त स्थिति नही होने पर नगरीय क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु लगाए गए प्रतिबंध को इस शर्त पर मुक्त किया है कि खनन किए जाने वाला नलकूप खनन शासकीय नलकूप से कम से कम 150 मीटर परिधि के बाहर ही किया जा सकेगा ।

# 17 जून से प्रारंभ होगी हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा के तहत निषेधाज्ञा पारित

**उमरिया।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल द्वारा प्राप्त परीक्षा कार्यक्रम अनुसार हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से प्रारंभ होगी जो 5 जुलाई 2025 तक संचालित रहेंगी। परीक्षा केन्द्रों में अनाधिकृत प्रवेश रोकने तथा कानून शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की दृष्टि से कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की चतुर्दिक परिधि के अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत 17 जून से 5 जुलाई तक निषेधाज्ञा पारित की हैं। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति उक्त परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की चतुर्दिक परिधि के समीप किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र नहीं ले जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों की 100 मीटर की परिधि के अंदर ईंट, पत्थर, जिनमें उनके टुकडे भी सम्मिलित हैं, संग्रहित नहीं करेगा, न ही करवाएगा, और न ही संग्रहित कराने का दुष्प्रेरण करेगा। परीक्षा केन्द्र स्थल तथा उसके 100 मीटर की परिधि के अंदर ड्यूटी में तैनात कर्मियों के अलावा कोई भी व्यक्ति किसी भी उद्देश्य से प्रवेश नहीं करेगा। संपूर्ण उमरिया जिले अंतर्गत लाउड स्पीकर का उपयोग करना, डीजे बजाना, आतिशबाजी करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा एवं आवश्यकतानुसार संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति उपरांत ही डीजे वाद्ययंत्र को छोडक़र अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग धीमी गति से कर सकेंगे। यह आदेश कर्तव्य पर उपस्थित मजिस्ट्रेट, पुलिसबल, शसस्त्रबल तथा परीक्षा कार्य सेवा से जुडे अधिकारियों/ कर्मचारियों पर कलेक्टर एवंप्रतिशील नहीं होगा।

# जिला अधिकारियों ने शासन की योजनाओं से किसानों को कराया अवगत




**विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत घघरी में कार्यक्रम संपन्न**

**उमरिया।** केन्द्र एवं राज्य शासन की कृषि से संबंधित प्रमुख योजनाओं कृषि से संबंधित किए जा रहे नवाचारों, परंपरागत कृषि तकनीकी के साथ साथ समन्वित कृषि प्रणाली, नवीनतम तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी गांव-गांव तक किसान-किसान तक पहुंचाने हेतु विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया है । जिसमें कलस्टर रूट चार्ट अनुसार पंचायतों में अभियान कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के मैदानी अमले द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खेती की उन्नत तकनीक, नवीन किस्म के बीज, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, खेतों की मिट्टी परीक्षण उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित कार्यक्रम के दौरान कृषकों को जानकारी दी जा रही है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत घंघरी में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में सहायक संचालक मत्स्य विभाग आशीष नायक ने किसानों के हित में विभाग व्दारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा योजनाओं का लाभ उठाने की अपील उपस्थित किसानों से की। इसी तरह उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डा के के पांडेय, कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा के पी तिवारी, जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक सेवकराम सोनवानी , उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने भी किसानों को संबोधित करते हुए योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की ।

## सोशल मीडिया प्लेटफार्म को फॉलो करवाये जाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिले के समस्त बीएलओ एवं अन्य शासकीय अधिकारी/कर्मचारी, ईएलसी ग्रूप/कैम्पस एम्बेसेडर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, इन्स्ट्राग्राम, एक्स एवं यू-ट्यूब को फॉलो करवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने समस्त जिला अधिकारी , विभाग प्रमुखों, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 89 बांधवगढ़, मानपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़, मानपुर, प्राचार्य लीड महाविद्यालय , मुख्यस कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करकेली, पाली, मानपुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी उमरिया, पाली, चंदिया, नौरोजाबाद मानपुर से कहा है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, इन्स्ट्राग्राम, एक्स एवं यू-ट्यूब को जिले के समस्त बीएलओ एवं अन्य शासकीय अधिकारी/कर्मचारी, ईएलसी ग्रूप/कैम्पस एम्बेसेडर से 19 जून 2025 तक फॉलो करवाना सुनिश्चित करें ।

**ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र में बिजली कटौती से हर कोई परेशान**

# अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, कामकाज हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन के अलावा रात को भी बिजली की कटौती की जा रही है। अघोषित कटौती से ग्रामीण परेशान हैं। कटौती को लेकर बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।



### कामकाज प्रभावित

उमरियापान- ढीमरखेड़ा- सिलौंडी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी के इन दिनों बिजली की ज्यादा समस्या हो रही है। कोई दिन या रात ऐसा नहीं बीत रहा,जिस दिन ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती नहीं की जा रही हो। सुबह- दोपहर और शाम के अलावा रात को भी बिजली की आवाजाही लगी रहती है।बिजली कटौती से प्रतिष्ठानों,लघु व्यवसाय, दुकानदार व सरकारी कार्यालयों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हो रहा है।

### गर्मी से लोग परेशान, अंधेरे का फायदा उठा रहे चोर

ग्रामीण इलाकों में बिना रोस्टर के बिजली आपूर्ति की जा रही है। रात के वक्त कटौती की वजह से चोर-उचक्कों की सक्रियता बढ़ जाती है। इससे ग्रामीण लोग भयभीत हैं। सुबह बिजली आपूर्ति न होने से पेयजल की समस्या होती है। ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।ट्रिपिंग व लोकल फाल्ट की वजह से मुश्किलें और भी बढ़ जाती हैं। ग्रामीण क्षेत्र में 18 से 20 घंटे तक विद्युत आपूर्ति किए जाने का शेड्यूल निर्धारित है,लेकिन हकीकत में इतनी बिजली नहीं मिल पाती है। वहीं किसान भी बिजली कटौती की समस्या से पीड़ति है। ग्रामीणों ने जिले के अधिकारियों से इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

## 14 जून तक वार्डवार समग्र ई-केवाईसी का कार्य करने हेतु विशेष दल गठित

**हरिभूमि न्यूजः कटनी** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा समग्र ई-केवाईसी के कार्य में प्रगति लाने के दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी कर 14 जून तक प्रतिदिन वार्डवार ई-के.वाई.सी कार्य हेतु दल का गठन किया जाकर जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी व रविशंकर पाण्डेय सहायक सामुदायिक विकास संगठन को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। निगमायुक्त दुबे ने गठित दल में शिविर हेतु 45 कर्मचारियों तथा 3 दल प्रभारियों को संलग्न करने हुए प्रति व्यक्ति का 210 ई-केवाईसी का प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया है। निगमायुक्त ने आवश्यकतानुसार उचित मूल्य की दुकान एवं अन्य स्थानों में ई-केवाईसी कार्य किये जाने हेतु पृथक से पांच सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक कुल 15 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर दल प्रभारी श्री मुकेश राजपूत राजस्व उपनिरीक्षक को नियुक्त किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 16 से 30 हेतु कुल 15 कर्मचारियों को नियुक्त किया जाकर श्री लवकुश तिवारी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक को दल प्रभारी और वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए 15 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर दल प्रभारी का दायित्व श्री प्रकाश पांडेय प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक को सौंपा गया है।

# पकड़ा गया शातिर बदमाश, 2 लाख के जेवरात सहित मोबाइल किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जीआरपी ने एक शातिर बदमाश को गिरपफ्तार किया है। आरोपित के पास से चोरी के सोने के जेवरात एवं मोबाइल बरामद किया गया है। थाना प्रभारी जीआरपी कटनी निरी. एल.पी. कश्यप ने बताया कि रेल ईकाई जबलपुर के क्षेत्रातर्गत प्लेट फार्म व चलित ट्रेनो, आउटरों में यात्रियों के साथ हो रही चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम एवं पतारसी हेतु शिमाला प्रसाद पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर के निर्देशों में कार्यवाही की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 15 जनवरी 25 को फरियादी राजेश कुमार निवासी ट्राफिक चौक कर्वी चित्रकूट उ.प्र. ट्रेन नं.- 18204 बेतवा एक्सप्रेस के कोच नं.- बी 6 बर्थ नं. 17,18,19,20 में अपने परिवार के साथ चित्रकूट धाम कर्वी से रायपुर के लिये यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान रेल्वे स्टेशन अमदरा के पास अज्ञात बदमाश व्दारा फरियादी की पत्नी का लेडीज हैण्ड बैग जिसके अंदर एक ओप्पो कंपनी का मोबाईल, नगदी 14000 रूपये, एक सोने की चैन, एक सोने का मंगल सूत्र, 04 नग सोने की अंगूठी कुल कीमती 200000 रूपये का सामान चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना में अप.क्र. 135/2025 धारा 304(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना की गयी। दौरान विवेचना 09/06/2025 को आरोपी अजय कोल पिता वंशरूप कोल निवासी टिसिगिरी थाना अमदरा जिला मैहर म.प्र. के कब्जे से चोरी गया लेडीज हैण्ड बैग एवं सोना जेवरात एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की चैन, 04 सोने की अंगूठी मशरुका जप्त कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

कार्यवाही में निरीक्षक एल.पी. कश्यप, उप निरीक्षक अनिल मरावी, सहायक उप निरीक्षक डी.पी. मिश्रा, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र शर्मा, नन्हेलाल, बृजेश प्रताप सिंह, आकाश शुक्ला, आरक्षक अभिषेक सिंह, घनश्याम दीक्षित, सुनील परस्ते, गौरव सिंह, नवाब सिंह, महिला आरक्षक ज्योति तिवारी की भूमिका रही।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित होगा कार्यक्रम

**उमरिया।** उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत 12 जून को विकासखण्ड पाली में ग्राम पंचायत मलियागुड़ा, गोरइया, बेली, करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत बिछुवा, अतरिया, निगहरी, मानपुर विकासखण्ड के भमरहा, करौदीटोला, बिजौरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक ग्रामीण जन एवं कृषकों को बीज की जानकारी, योजना की जानकारी, कृषि यंत्र की जानकारी, स्वाईल हेल्थ कार्ड, मिट्टी परीक्षण, आधार लिंक, आधार अपडेट, ईकेवाइसी, के.सी.सी., कृषि यंत्र ऑनलाईन, फौती नामांतरण, कार्यक्रम के दौरान किया जायेगा।

### लापरवाही पर स्वास्थ्य अधिकारी को नोटिस

**कटनी।** शहर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं मानसून के पूर्व नगर के नाले-नालियों की सफाई के कार्य में रूचि नहीं लेने तथा लापरवाही बरतने के कारण शहर के विभिन्न स्थलों में कचरे का ढेर एवं गंदगी पाए जाने के कृत्य को घोर लापरवाही मानते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

## स्वास्थ्य केंद्र का सीएमएचओ ने किया भ्रमण



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.व्ही.एस.चंदेल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धमोखर ताला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर का भ्रमण किया गया । भ्रमण के दौरान उपस्थित स्टाफ के द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक निर्देश दिए गए । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में मौसमी बीमारी को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक औषधियां उपलब्ध रहे एवं समय अनुसार स्टाफ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित की जा रही स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली,पानी,औषधि एवं आवश्यक उपकरणों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अस्पाताल परिसर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखनें के भी निर्देश दिए गए । भ्रमण के दौरान अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपसथित रहे।

# नाबालिग के अपहरण एवं दुष्कर्म के फरार आरोपी को कोतमा पुलिस ने पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** 16 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर दरिंदगी करने के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी जाहिद खान 25 वर्ष को कोतमा एसडीओपी आरती शाक्य के द्वारा मंगलवार को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि गुप्त सूचना पर एसडीओपी व टीम के द्वारा दबिश देकर कार्यवाही की गई है। आरोपी भागने की फिराक में था। अप्रैल 2024 में आरोपी जाहिद खान के खिलाफ थाना कोतमा में नाबालिक किशोरी के अपहरण दुष्कर्म सहित पास्को एक्ट में सनसनीखेज अपराध दर्ज किया गया था। आरोपी को बुधवार को अनूपपुर विशेष न्यायालय पेश करते हुए सलाखों के पीछे भेजा गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि शहडोल जिला अंतर्गत 16 वर्षीय नाबालिक का आरोपी जाहिद खान द्वारा अपहरण करते हुए गोविंदा कालरी के पास नर्सरी जंगल में ले जाकर जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़िता के द्वारा किसी प्रकार जान बचाकर भागते हुए घटना की जानकारी अपने परिजनों को देने के बाद वार्ड के कुछ समाजसेवियों द्वारा थाने तक पहुंचाया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी जाहिद खान 25 वर्ष पिता पप्पू खान के खिलाफ धारा 363,376 आईपीसी एवं लैंगिक अपराध से बालकों के संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पीड़िता के रिपोर्ट, मेडिकल एवं न्यायालय कथन की कार्यवाही होने कि भनक लगते ही आरोपी फरार हो गया था। जिसकी तलाश में पुलिस के द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही थी।मंगलवार को आरोपी के गोविंदा कालरी में छिपे होने की खबर लगने पर एसडीओपी द्वारा आरोपी को पकड़ा गया जो कि जिले से बाहर भागने की फिराक में था।

# वृक्ष लगाओ... जीवन बचाओः सुरभि महिला मंडल ने स्कूलों में किया वृक्षारोपण

**धनपुरी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुरभि महिला मंडल, सोहागपुर क्षेत्र द्वारा विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अर्पणा श्रीकृष्णा के नेतृत्व में यह आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैगिन और सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल बंगवार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अमलाई बंगवार दामिनी उपक्षेत्र का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में मंडल की वरिष्ठ सदस्याएं श्रीमती सत्या रमन्ना, श्रीमती संजू सिंह, श्रीमती पद्मा हरिबाबू, श्रीमती अनुपा सेनगुप्ता, श्रीमती अनीता प्रसाद, श्रीमती शारदा सिंह, श्रीमती भवानी बोनेला, श्रीमती अंजना कुर्रे, श्रीमती सिमरन भारद्वाज, श्रीमती साधना तोमर, श्रीमती दिशा कुमार, श्रीमती रंजू झा, श्रीमती भारती विश्वकर्मा आदि शामिल रहीं।इस अवसर पर श्रीमती अर्पणा श्रीकृष्णा ने कहा कि वृक्ष




जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जलवायु संतुलन बनाए रखते हैं और पृथ्वी को हरा-भरा बनाते हैं। उन्होंने बच्चों को वृक्षों का महत्व समझाते हुए कहा कि आज के छोटे प्रयास कल बड़े बदलाव लाएंगे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने भी वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और 'वृक्ष बचाओ, जीवन बचाओ' का संकल्प लिया। उपस्थित सभी बच्चों को कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अर्पणा कृष्ण के द्वारा बच्चों पैकेट में केला बिस्किट मीठा वितरण किया गया बच्चों में पर्यावरण को लेकर उत्साहित देखा गया। सुरभि महिला समिति की सभी सदस्यों ने इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई और सेवा को सतत रूप से जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि जब तक हर व्यक्ति एक वृक्ष नहीं लगाएगा, तब तक पर्यावरण संरक्षण अधूरा रहेगा।

## खबर संक्षेप

### अजीत गुप्ता का आकस्मिक निधन



**ब्योहारी।** ब्योहारी सरस्वती मोहल्ला वार्ड 14 निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी श्री अजीत गुप्ता लगभग 42 बर्ष पिता हरीश गुप्ता (पूर्व पार्षद ) के पुत्र का अपने दुकान में दोपहर लगभग 12 से 1 बजे के लगभग दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। आप मधुर मृदुभाषी के धनी थे आपके निधन से पूरा ब्यापारी संघ व समस्त समाज के लोग व राजनीतिक दलों के लोग में शोक कि लहर छा गई सभी ब्यापारी अपने अपने प्रतिठान बन्द कर अजीत गुप्ता पिता हरीश गुप्ता ( पूर्व पार्षद) के निवास श्रृद्धाजंलि अर्पित करने वाले की भीड़ एकत्रित होने लगी । अजीत गुप्ता के पीछे दो बच्चे छोटे - छोटे छोड़ स्वर्ग लोक को सीधार गये आप दाँह संकार दिन मंगलवार दिनांक 10 - 06 - 2025 को सरस्वती तालाब मुक्ति धाम में हुआ। लोगों के द्वारा ईश्वर से प्रार्थना करते हुऐ मतृक आत्मा को ईश्वर अपने श्री चरणो में स्थान प्रधान करे और ईश्वर से प्रार्थना है कि मृतक परिवार को हृदय विदारक घटना सहने कि शक्ति प्रदान करे।

### सत्यनाराण गुप्ता का आकस्मिक निधन



**ब्योहारी।** ब्योहारी टंकी तिराहा वार्ड 2 के निवासी श्री सत्यनाराण गुप्ता लगभग 70 बर्ष का बीमारी से आकस्मिक निधन हो गया आप प्रतिष्ठित ब्यापारी थे आपके निधन से पूरा ब्यापारी संघ व समस्त समाज के लोगों में शोक कि लहर छा गई नगर के गणमान्य नागरिक व ब्यापारी संघ के लोग उनके निवास पहुँच श्रृद्धाजंलि अर्पित कर ईश्वर से प्रार्थना करते हुऐ मतृक परिवार को हृदय विदारक घटना सहने कि शक्ति प्रदान करे उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज में मंगलवार को दिनांक 10 - 06 - 2025 को गंगा किनारे हो गया।

### पांच मवेशियों को भेजा गया अमीरगंज गौशाला

**कटनी।** नगर के सार्वजनिक मार्गो की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित नागरिकों को सुगम यातायात की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम की हांका गैंग द्वारा रोजाना सार्वजनिक मार्गों में अभियान चलाकर आवारा विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत विगत दिवस जोन क्रमांक 3 के खिरहनी फाटक ओवर ब्रिज सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गों में हाका गैंग की टीम द्वारा अभियान चलाया गया।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश निरस्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले में चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के मद्देनजर कृषि, उद्यानकी, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी, सहकारिता तथा अन्य अनुषांगिक सेवाओं में कार्यरत समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पूर्व से स्वीकृत अवकाश को निरस्त कर कार्यस्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देश दिए हैं।

### लापरवाही बरतने पर राशन दुकान विक्रेता को हटाया

**कटनी।** शासकीय उचित मूल्य दुकान कौड़िया के विक्रेता संजय लोधी द्वारा ई-केवाईसी कार्य में अपेक्षाकृत प्रगति नहीं लाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद ने आदेश जारी कर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कार्य से तत्काल पृथक कर दिया है। साथ ही वितरण व्यवस्था को सुचारु रखने हेतु राहत स्व-सहायता समूह बंधी धूरी द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान धूरी बंधी (दुकान कोड क्रमांक 4205078) में आगामी आदेश तक के लिये संलग्न किया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के अंतर्गत लाभांवित हो रहे हितग्राहियो की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकान विक्रेताओं को निर्धारित समय-सीमा में ई-केवाईसी करने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु विक्रेता संजय लोधी द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता नहीं दी गई। जिसके पश्चात यह कार्यवाही की गई है।

## बंदरों के आतंक से लोग खासे परेशान, वन अमला शिकायतों पर नहीं दे रहा कोई ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा ग्राम में बंदरों ने ऐसा आतंक मचा रखा है कि लोग घर से बाहर निकलने में भी घबराते हैं। बंदर कब किधर से किस पर हमला कर दें कुछ कहा नहीं जा सकता। लाल मुँह व काले मुंह के बंदरों के आतंक से लोग इस कदर परेशान हैं कि अपने छतों में जाने से घबराते हैं। बच्चे अकेले घरों से निकलने में डरते हैं वहीं महिलाओं को भोजन पकाते समय भी डंडा लेकर बैठना पड़ता है। बंदर झुंड में आते हैं, बच्चों, महिलाओं के अलावा बुजुर्ग, युवाओं को अकेला पाकर हमला कर देते हैं। दूसरी ओर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित वन विभाग को भी इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन किसी भी जिम्मेदारों को कोई सरोकार नहीं।

बड़वारा नगर में बंदरों ने हमला कर कई लोगों को घायल भी कर चुके हैं। कई बार बंदरों से बचने या उन्हें भगाने के चक्कर मे लोग हादसे का शिकार भी हो जाते हैं। बड़वारा के कई युवाओं, बुजुर्गों , महिलाओं एवं बच्चों को बंदरों ने काट कर घायल कर चुके है। बंदर इतने बेखौफ हो गए हैं कि मकानों की छत की सीढ़ी से उतर कर नीचे आ जाते है और पीछे से हमला कर दिया, जिससे कई बार लोग बहुत बुरी तरह घायल हो जाते हैं। बच्चों से लेकर महिलाओं एवं बुजुर्गों तक को बंदरों ने हमला कर घायल किये जाने की घटनाएं हो चुकी हैं। बड़वारा नगर की हालत यह कि बंदर झुंड में छतों पर पहुंच जाते हैं और महिलाएं बच्चों को लेकर भागने को मजबूर हो जाती हैं। बंदरों को भगाने के दौरान कई बार वे हमला भी कर देते हैं।

### अनाज, सब्जी कर रहे तबाह

बंदरों ने इतना परेशान कर रखा है कि लोग अपने छतों में कोई भी खानपान सामग्री नहीं सुखा पाते। इसके अलावा बाड़ियों, खेतों एवं घरों में लोग सब्जियां भी नहीं उगा पा रहे हैं क्योंकि वानरदल सब कुछ बर्बाद कर देते हैं। स्थानीय वाशिंदों एवं किसानों का कहना है कि बंदरों के डर से हमने सब्जी लगाना ही छोड़ दिया है। लागत लगाकर यदि सब्जी भाजी लगाते भी हैं तो बंदर आकर नष्ट तो करते ही हैं, लोगों को अकेला पाकर उन पर हमला करके घायल भी कर देते हैं। बंदरों के झुंड को देखकर महिलाएं व बच्चे घरों में कैद रहने को विवश हो गयीं हैं। खाना बनाना मुश्किल हो गया है। बरामदे एवं छत पर यदि कोई सामाग्री रखी होती है तो बंदर सब तहस नहस कर देते हैं।

## साहब...बुद्धू 2 साल से जमीन के लिए कर रहा परेशान

**शहडोल।** वृद्ध असहाय विधवा महिला रूपी नायक पति स्व. सख्खा नायक उम्र 75 वर्ष निवासी ग्राम बरूका तहसील व थाना सोहागपुर ने पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव से गुहार लगाते हुए बताया कि मकान ख.नं. 108 जिसमें मेरा मकान बना हुआ, विगत 60 वर्षों से घर बाड़ी पेड़ पौधे इत्यादित लगाकर निवासी कर रही हूँ। बुद्धू उर्फ जे.पी. नायक पिता मन्ना नायक के द्वारा विधवा को विगत 2 सालों तंग व परेशान किया जा रहा है और कहा जाता है कि यह जमीन मेरी है, तुम अपना मकान यहां से हटा लो, फरियादिया विगत 60 वर्षो से अपने पति के जीवनकाल से ही दुर्गा प्रसाद पिता दालभ्य प्रसार मिश्रा निवासी बरूका के द्वारा दान स्वरूप में दी गई भूमि पर मकान बनाकर काबिज चली आ रही हूँ। मेरे पति का देहांत हो चुका है मैं विधवा महिला हूँ, मेरे कोई आल औलाद नहीं है, न ही मेरे कोई रिश्तेदार ही है, मेरे भाई हीरा नायक है जो मेरी देखरेख व इलाज आदि करते है।बुद्धू नायक उर्फ जे.पी. नायक जो अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो आये दिन लड़ाई झगड़ा व भारपीट करता है, जेसीबी मशीन लगाकर मेरे मकान को तोड़ फोड़ कर दिया व मेरी बाड़ी में लगे तार खम्भों को निकाल के फेंक दिया, पूरी बाड़ी उजाड़ दिया है और पेड़ो की कटाई कर दिया व मुझे मेरे ही घर से



निकाल रहा है और 11 जून को सुबह मेरे घर आकर मुझसे गाली-गलौज करते हुए मेरा हाथ पकडक़र घसीट कर घर से बाहर निकाल दिया है और धमकी दे रहा है कि अगर अब इस मकान में आई तो तेरे को इसी मकान के अंदर डाल कर जाला दूंगा । फरियादिया के द्वारा पूर्व में बुद्धू उर्फ जे.पी. नायक के द्वारा तंग व परेशान करने व घर बाड़ी उजाड़ देने मारपीट करने व मेरे घर व जमीन में बलात कब्जा करने के उद्देश्य से मारपीट कर घर से निकाल दिये जाने के संबंध में शिकायत की गई और बुद्धू नायक उर्फ जे.पी. नायक के विरूद्ध थाना सोहागपुर, व शहडोल में पंजीकृत अपराधिक प्रकरणों की प्रति सहित जिला बदर की कार्यवाही किये जाने के लिए आवेदन पत्र भी दी, परन्तु आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं किये जाने से हौसले बुंलद हो गये है। फरियादिया ने कप्तान से गुहार लगाई है कि बुधू उर्फ जे.पी. नायक के द्वारा मारपीट करने व घर से जबरदस्ती मारपीट कर निकाल दिये जाने व घर व जमीन में कब्जा करने की धमकी दिये जाने व घर वापस आने पर जान से खत्म कर देने की धमकी दी जा रही है।

## डोर टू डोर संपर्क कर ई केवायसी की अद्यतन जानकारी पूर्ण करने के निर्देश

*निगमायुक्त ने प्रगति की समीक्षा कर गठित दल को दिये निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को निर्धारित समय से प्रदान करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा किये जा रहे समग्र ई-केवाईसी अभियान के तहत आधार के लिंकिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा मंगलवार को निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा की जाकर इस कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं गठित दल के सदस्यों को जिम्मेदारी का निर्वहन कर निर्धारित समयावधि में लक्ष्य अनुरूप कार्य पूर्ण करने की हिदायत दी।

समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व अधिकारी एवं अभियान के नोडल जागेश्वर पाठक, सहायक नोडल



अधिकारी रविशंकर पांडेय, सहित वार्ड वसूली कर्ता, दरोगा, दल प्रभारियों की मौजूदगी रही।

### डोर टू डोर करें संपर्क

निगमायुक्त श्री दुबे नें समीक्षा के दौरान गठित दल को अभियान में शत-प्रतिशत सेचुरेशन हेतु कार्ययोजना के तहत वार्ड की गलियों को चिन्हित करते हुए डोर टू डोर संपर्क कर परिवार आई डी के आधार पर सदस्यों की आई डी चिन्हित कर लंबित सदस्यों की ई-केवाईसी की अद्यतन जानकारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री दुबे नें वार्ड दरोगाओं को भी अपनें पास लंबित ई-केवाईसी की सूची रखने तथा इस कार्य में संलग्न दल को नागरिकों के घर का पता बताने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कियोस्क संचालकों को भी इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करने के निर्देश निगमायुक्त श्री दुबे ने दिए।

### मिशन मोड पर करें कार्य ताकि हितग्राही हो लाभांवित

निगमायुक्त श्री दुबे ने समग्र - ईकेवाइसी कार्य को मिशन मोड पर समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके।

## एसपी ने बैठक में अपराधों की रोकथाम के दिए निर्देश




पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कंट्रोल रू में पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के पुलिस प्रशासन के कामकाज, दिशा-निर्देशों और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। यह बैठक पुलिस प्रशासन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करने और समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई थी। बैठक में थाना प्रभारियों को जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस बैठक से जिले में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली में सुधार और अधिक प्रभावी कानून व्यवस्था स्थापित करने में मदद मिलेगी।

## नियमित सफाई नहीं होने से कचरा के लगे ढेर, गंदगी से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

पचपेढ़ी ग्राम पंचायत में नियमित सफाई न होने के कारण गन्दगी की भरमार है। सफाई नहीं कराए जाने से जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं।नालियां जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है। गंदगी से परेशान ग्रामीण कई बार सचिव सरपंच सहित जिम्मेदार लोगों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन साफ सफाई पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। गांव में गंदगी पसरी होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं और संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि सफाई न होने से लोगों को कचरे के ढेरों के ऊपर से होकर निकलना पड़ता है। बरसात के मौसम में स्थिति ज्यादा खराब हो जाती है, क्योंकि कचरे में



पानी भर जाने से बदबू आती रहती है। लंबे समय से सफाई नहीं कराए जाने के कारण नाले, नालियों के कचरे से अटे हुए हैं। नालियों में इतना कचरा भरा है कि पानी की निकासी नहीं हो पाती है और घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर होकर बहता रहता है।

ग्रामीणों ने पंचायत सचिव धनंजय मिश्रा पर वित्तीय अनियमितता करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ग्राम में निर्माण कार्य कराने और सफाई के नाम पर सचिव ने राशि निकाल ली, लेकिन सफाई कराई न तो निर्माण कार्य। ग्रामीणों ने फैली गंदगी को तुरंत साफ कराए जाने की मांग की है, जिससे कि लोगों को संक्रमित बीमारी फैलने से बचाया जा सके।

## महापौर ने किया रोड क्रास ड्रेन का निरीक्षण, कार्य में गति लाने निर्देश

*कर्मचारियों से कहा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जगन्नाथ चैक से राष्ट्रीय स्कूल मार्ग में अतिवर्षा के दौरान जल भराव की समस्या के निराकरण हेतु स्थल पर निर्मित कराये जा रहे रोड क्रास ड्रेन का निरीक्षण सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किया जाकर कार्य में गति लानें एवं आसपास के मिलनें वाले नालों तथा चेंबर की तल्ली से सफाई करानें की हिदायत निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दी। महापौर श्रीमती सूरी नें दो टूक शब्दों में कहा कि नाले-नालियों की सफाई के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग के



प्रभारी सदस्य सुभाष शिब्बू साहू डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, सुरेन्द्र गुप्ता बीना संजू बैनर्जी, गोविंद चावला, पार्षद श्रीमती शीला सोनी, शकुंतला सोनी, उमेन्द्र अहिरवार ओमी, पूर्व पार्षद कमलेश चैधरी, सहित स्थानीय गणमान्य नागरिकों की विशिष्ट मौजूदगी रही।

महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्कूल के सामनें स्थित बस्ती के लोगों द्वारा बताया कि बस्ती से से होकर गुजरनें वाले नाले नाले में निर्मित चेंबर की सफाई ठीक तरह से न होनें के कारण अतिवर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति का सामना बस्ती के लोगों को करना पडता है। जिस पर महापौर श्रीमती सूरी द्वारा चेंबर से हो रही वर्तमान जल निकासी का निरीक्षण करते हुए सुगम जल निकासी की व्यवस्था हेतु चेंबर तथा बस्ती से मिलनें वाले अन्य आसपास के नालों की भी वर्षा पूर्व तल्ली से सफाई कराने के निर्देश दिए। ताकि अतिवर्षा के दौरान मार्ग में जलभराव की समस्या उतपन्न न हो सके।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय स्कूल मार्ग में अशोक चैदहा के मकान के सामने स्थित नाले से जलापूर्ति के लिए नाले में झूल रहीं पाईपलाईनों के माध्यम से कचरा एकत्रित होनें की संभावना एवं शुद्ध जलापूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए पाइपलाइनों को व्यवस्थित करानें के निर्देश जल प्रदाय के अधिकारियों को दिए।

## किसी ने सीमांकन तो किसी ने की बिजली समस्या पर कार्यवाही कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में 139 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई जिले के सभी उपखंडों, तहसीलों ,जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में भी आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर संस्कृति शर्मा,एस डी एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा,डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे।

ग्राम हिनौती निवासी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि अगस्त 2024 में सर्पदंश से मेरी पत्नी की मृत्यु जिला अस्पताल कटनी में हो गई थी। मृत्यु के उपरांत मैंने बहोरीबंद तहसील में मुआवजा हेतु आवेदन भी दिया था। परंतु मुझे मुआवजा नहीं मिल पा रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम बहोरीबंद को निश्चित समयावधि में समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम गोदाना निवासी ज्ञानी चौधरी ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए कहा कि ग्राम गोदाना पटवारी हल्का नंबर 1 में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 1910/4, 1010/7, 1010/13, 3220, 1910/16, 1926/2246/2 एवं 1927/2 है, राजस्व अभिलेख में मेरे नाम पर दर्ज है। 6 माह पूर्व मेरे द्वारा सीमांकन हेतु आवेदन दिया गया था परंतु अभी तक सीमांकन नहीं हो पाया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तहसीलदार रीठी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

ग्राम देवडोंगरा निवासी जितेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि गांव के आदिवासी मोहल्ला में लगा ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसकी सूचना बिजली विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है। परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने बिजली विभाग के अधिकारी को समय-सीमा में कार्यवाही कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान कटनी निवासी क्षमा पांडे ने बताया कि मेरे पति अमित पांडे का देहांत दिसंबर 2024 में हो चुका है। उनका नाम संबल योजना के अंतर्गत पंजीकृत है। आवेदन देने के बाद भी योजनांतर्गत अनुग्रह राशि स्वीकृत नहीं हो सकी है। आय का अन्य स्त्रोत न होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने नगर निगम कटनी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## बुलेट वाहन चालकों पर यातायात हाईवे चौकी ने की कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर बाइक चलाने वाले चालकों के विरुद्ध कार्यबाही करने के निर्देश जारी किए गए है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के मार्गदर्शन में यातायात हाईवे चौकी द्वारा ऐसे वाहन चालकों पर विशेष अभियान चलाकर चेकिंग की गई एवं एक दर्जन से अधिक वाहनो को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान मॉडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर वाहन चालको पर जुर्माना लगाया गया। कार्यवाही का उद्देश्य साइलेंसर के माध्यम से ध्वनि प्रदूषण कर रहे वाहन चालको पर कार्यवाही कर आमजन को सुरक्षित यातायात मुहिया कराना है। मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनो पर यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

## अदाणी कोल ब्लॉक लामाटोला परियोजना मे प्रोजेक्ट साइड हेड बने श्यामजी चतुर्वेदी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के कोतमा विधानसभा अंतर्गत अदाणी कोल ब्लॉक लामाटोला परियोजना मे प्रोजेक्ट साइड हेड के रूप में श्यामजी चतुर्वेदी की नियुक्ति अदाणी कंपनी के द्वारा किया गया है। बता दें कि श्यामजी चतुर्वेदी इससे पहले अनूपपुर जिले के दो अन्य कोल ब्लॉक परियोजना को चालू करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। श्यामजी ना सिर्फ अडानी कोल ब्लॉक के परियोजना प्रमुख हैं बल्कि कानून विदा के साथ अधिवक्ता का अनुभव रखते हैं एवं न्याय और क़ानूनी गतिविधियों मे अच्छी पकड़ रखते हैं। श्यामजी शहडोल संभाग के शहडोल जिले के रहने वाले है तथा क्षेत्र के विकास और क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल सके इसके लिए सतत प्रयास करते रहते हैं।

## सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर आर्थिक सहायता मंजूर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनूपपुर के प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के प्रावधान के तहत ग्राम बकही एन.एच. 43 में सड़क दुर्घटना में ग्राम खमरौध तहसील बुढ़ार जिला शहडोल के श्री विकास साहू की मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वैध वारिस को 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## स्थानांतरित शासकीय सेवकों को बिना रिलीवर ना किया जाए भारमुक्त

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आदेश जारी कर कहा है कि मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल द्वारा राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/ कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति जारी की गई है। स्थानांतरण नीति की कण्डिका 14 में यह स्पष्ट किया गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों से गैर अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानांतरित शासकीय सेवकों को तब तक भारमुक्त न किया जाए, जब तक कि उनके स्थान पर पदस्थ अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा पदभार ग्रहण न कर लिया गया हो। कलेक्टर ने कहा है कि विशेष मामलों में रिलीवर के बिना भारमुक्त के लिए उनकी अनुमति आवश्यक होगी।

## वितरण केन्द्र जैतहरी के विभिन्न फीडरों में 12, 14 व 15 जून को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि विद्युत वितरण केन्द्र जैतहरी अंतर्गत स्थापित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जैतहरी, वेंकटनगर, खूंटाटोला एवं चोरभठी से निकलने वाली 11 के.व्ही. फीडरों के विद्युत लाईनों का प्री-मानसून रखरखाव करने हेतु मेन्टेनेंस कार्य किया जाएगा। इस कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 12 जून को सिवनी फीडर अंतर्गत गोधन, पाटन, चोरभठी, उमरिया, सिवनी, बलबहरा में, 14 जून को पोंड़ी फीडर अंतर्गत सिंघौरा, पोंड़ी, सुलखारी, लहसुना, कपरिया में तथा 15 जून को चोलना/टाउन फीडर अंतर्गत खूंटाटोला, चोलना, कुकुरगोड़ा, पपरौड़ी, छातापटपर, जरियारी में प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहेगी। कार्य के अनुसार विद्युत आपूर्ति अवरुद्ध रहने की समयावधि को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

### संगठित नेटवर्क बन चुका अवैध रेत खनन, रेत के आगे वन विभाग बौना

# चोड़ी घाट और कुदरा क्षेत्र रेत माफियाओं के लिए बना 'ओपन मार्केट'

**ग्रामीणों के सामने फाड़ी जा रही जंगल की छाती**

**लुट रहा जंगल, रेंजर खेल रहे लुका-छिपी का खेल**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/बदरा।** जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र में चोड़ी घाट और कुदरा क्षेत्र अब रेत माफियाओं के लिए 'ओपन मार्केट' बन चुका है। जंगल से सटा यह क्षेत्र दिनदहाड़े लूटा जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी चुपचाप तमाशा देख रहे हैं। हर रोज़ आठ-आठ ट्रैक्टर रेत से लदकर गांवों से गुजरते हैं, लेकिन वन विभाग और पुलिस दोनों मौन हैं। यह खामोशी अब लापरवाही नहीं, बल्कि मिलीभगत का सुबूत बन चुकी है। इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा चौंकाने वाला रवैया रेंजर तिवारी का है, जिनके बयान अब वन रक्षक की नहीं, किसी प्रेस प्रवक्ता की तरह लगते हैं। जब उनसे क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बेहिचक कहा "वह क्षेत्र फॉरेस्ट नहीं है, वह राजस्व भूमि है।" ये शब्द एक जिम्मेदार अफसर के नहीं, एक 'तैयार किए गए बचाव पत्र' जैसे लगे, जिसे माफियाओं की भाषा में पढ़ा गया हो।

### ग्रामीणों के सामने फाड़ी जा रही जंगल की छाती

अब सवाल ये है कि क्या रेंजर तिवारी को बिना सीमांकन के यह अधिकार है कि वे तय कर दें कि भूमि वन की है या नहीं? जिस ज़मीन पर खुद विभाग ने सीमांकन नहीं करवाया, उसे लेकर ऐसे दावे करना क्या माफिया की मदद करने जैसा नहीं है? हकीकत ये है कि जहां खनन हो रहा है, वह इलाका जंगल से बिल्कुल सटा हुआ है। वहां की पारिस्थितिकी, मिट्टी की संरचना, नमी और जैव विविधता सब वन क्षेत्र जैसे ही हैं फिर तिवारी साहब किस 'कागज़ी चश्मे' से उसे अलग देख पा रहे हैं? स्थानीय लोगों की मानें तो तीन चेहरों की अगुवाई में अब अवैध रेत खनन एक संगठित नेटवर्क बन चुका है। गांववालों की आंखों के सामने जंगल की छाती फाड़ी जा रही है। ट्रैक्टरों की कतारें, धूल उड़ाती सड़कों पर दिन में कई बार दिखती हैं। लेकिन वन अमला वहां मौजूद ही नहीं रहता। पूछो तो जवाब आता है "जगह हमारी नहीं है।" हाल ही की घटना लें कि एक-एक व्यक्ति के नाम पर आठ-आठ ट्रैक्टर चोरी हुई, लेकिन न कोई कार्रवाई हुई, न कोई रोक। न तो कोई जब्ती, न कोई एफआईआर। क्या अब विभाग का काम केवल मैप देखने तक सीमित रह गया है?

### जनता के बीच मजाक बन रहा बयान

रेंजर तिवारी जैसे अधिकारी यदि इस तरह से बयान देते रहेंगे, तो माफियाओं को रोकने वाला कौन रहेगा? क्या ये विभाग जंगल की रक्षा के लिए बनाया गया है या जमीन की लुका-छिपी खेलने के लिए? तिवारी साहब का ये बयान कि रेत जहां से निकाली जा रही है, वह विभागीय सीमा में नहीं आती, अब जनता के बीच मज़ाक का विषय बन चुका है। क्या अब जंगल की रक्षा का काम भी "सीमा रेखा" पर टिका रहेगा? अगर ज़मीन विभाग की न भी हो, तो क्या पर्यावरण की रक्षा की ज़िम्मेदारी भी खत्म हो जाती है? चोड़ी घाट में अवैध खनन से नदियों के किनारे कट रहे हैं, जलस्तर गिर रहा है, खेती की ज़मीन बंजर हो रही है। ये सब कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि 'रेंजर-प्रवक्ताओं' की लापरवाही से उपजा 'आपराधिक विकास' है।

### ... तो कुछ वर्षों में बन जायेगा मरुस्थल

पुलिस की हालत भी कुछ खास अलग नहीं है। भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में इतनी बड़ी गतिविधियां हो रही हैं और पुलिस 'गुमशुदा' सी दिखाई देती है। गांवों से होकर निकलते ट्रैक्टर उनके नज़दीकी चौकियों को पार करते हैं, लेकिन कोई रोक-टोक नहीं। नतीजा माफिया बेखौफ हैं और आम जनता खामोश। सबसे चिंताजनक बात ये है कि रेंजर की चुप्पी अब चुप्पी नहीं रही, यह सहमति बन चुकी है। कोई भी जिम्मेदार अधिकारी बिना सीमांकन, बिना पड़ताल, सिर्फ अपने बयान से माफियाओं को हरी झंडी नहीं देता जब तक वो अंदर से तैयार न हो। इस पूरे मामले में यह साफ़ झलकता है कि वन विभाग, खासकर कोतमा रेंज, अब माफिया के सामने सिर झुका चुका है। उनकी ड्यूटी अब जंगल बचाने की नहीं, विभाग की छवि बचाने की रह गई है और वो भी झूठी। यदि शासन-प्रशासन अब भी नहीं जागा, तो आने वाले कुछ वर्षों में यह क्षेत्र पर्यावरणीय मरुस्थल में बदल जाएगा। पेड़ उजड़ जाएंगे, नदियां सूख जाएंगी और जंगल सिर्फ नक्शों में बचेंगे और जब आने वाली पीढ़ियां सवाल पूछेंगी कि हमारे जंगलों को किसने लूटा, तो माफियाओं से ज़्यादा जिम्मेदार उन अफसरों को ठहराया जाएगा, जो कुर्सी पर बैठकर हमारी ज़मीन नहीं थी जैसे बयान देकर अपनी आत्मा बेचते रहे।

# 11 केवी विद्युत पोल को मुख्य सड़क पर शिफ्ट किये जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर



अनूपपुर मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 2 पटोरा टोला में बाजार की ओर विगत कई वर्ष पूर्व 11000 केवी का लाइन पूर्व पार्षद पुरुषोत्तम चौधरी व 30 से 35 घर के बाड़ी व छत के ऊपर से गुजरा था वर्तमान समय में पुराने पोल को बदलने के लिए नए पोल गिराये गए हैं क्योंकि पूर्व के खींचे गए लाइन में वहां के लोगों को खतरा बना रहता है। कई बार तार टूटने से दुर्घटना घटते बची है। लोगों के छत के ऊपर से खुली तार के जाने से खतरा बना रहता है,कभी भी कोई भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है ऐसी स्थिति में यदि केवल 100-150 फीट हटाकर पुलिस कॉलोनी से बाजार को आने वाली मुख्य सड़क के किनारे शिफ्ट कर दिया जाए तो उपरोक्त घर की छत बाड़ी से तार हट जाएगा तथा विदुयत विभाग के लोगों को जो अभी तक घरों के अंदर से जाकर लाइन सुधार करना पड़ता था जिसे छुटकारा भी मिल जाएगा जिसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होगी। उक्त सम्बन्ध में वार्ड क्रमांक 02 के पूर्व पार्षद और सभापति लोक निर्माण विभाग पुरुषोत्तम चौधरी द्वारा कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए पोल को मुख्य मार्ग में शिफ्ट कराने की मांग की गई है।

### जिला चिकित्सालय अनूपपुर को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन

# सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा के लिए 87 प्रतिशत अंकों के साथ क्वालीफाई




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदप्रयासों से जिला चिकित्सालय अनूपपुर को नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस), प्रसव कक्ष गुणवत्ता सुधार पहल (लक्ष्य) व मुस्कान कार्यक्रम अंतर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह सर्टिफिकेशन नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसोर्स सेन्टर द्वारा शासकीय चिकित्सालयों को उनके प्रदर्शन और सुविधाओं के मूल्यांकन के आधार पर दिया जाता है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिला चिकित्सालय को 87 प्रतिशत अंकों के साथ क्वालीफाई किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिला चिकित्सालय के लेबर रूम एवं मैटरनिटी ओटी को भी क्रमशः 97 प्रतिशत एवं 96 प्रतिशत स्कोर के साथ क्वालीफाई किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम द्वारा यह मूल्यांकन विगत 20 से 22 मार्च 2025 की अवधि में किया गया था। जिला चिकित्सालय के 20 विभागों का भारत सरकार के एक्सटर्नल मूल्यांकन दल द्वारा बारीकी से मूल्यांकन किया गया था। इसके तहत ब्लड बैंक, ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू, मेटरनिटी वार्ड, शिशु वार्ड, एसएनसीयू, पोषण पुनर्वास केंद्र, ऑपरेशन थिएटर, पीपीयू, लैब, रेडियोलॉजी, फार्मेसी इत्यादि विभागों की सेवाओं को परखा गया था। असेसमेंट के दौरान उपकरणों, इमरजेंसी प्रोटोकॉल, स्टाफ की क्लिनिकल जानकारी, प्रशिक्षण, सर्विस प्रोविजन, इन्फेक्शन कंट्रोल, साफ सफाई, हाउसकीपिंग, किचन, लॉन्ड्री, मशीनों की स्थिति, मरीजों की काउंसलिंग, रिकॉर्ड संधारण, रेफरल सिस्टम, दवाइयों, एएनसी प्रोटोकॉल, पोस्ट नेटल केयर, स्तनपान, कंगारू मदर केयर, स्टाफ का क्लिनिकल नॉलेज का मूल्यांकन किया गया था। टीम ने मरीजों से उनकी संतुष्टि की जानकारी भी प्राप्त की थी। विदित हो कि पब्लिक हेल्थ फैसिलिटी में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदायगी के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड वर्ष 2013 से प्रारंभ किया गया था। जिसके तहत मुख्यतः सर्विस प्रोविजन, मरीजों के अधिकार, इनपुट्स, सपोर्ट सर्विसेज, क्लीनिकल देखभाल, इनफेक्शन कंट्रोल, क्वालिटी मैनेजमेंट एवं आउटकम जैसी सेवाएं शामिल की जाती है। जिला चिकित्सालय अनूपपुर को मिली इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने कहा है कि एनक्यूएएस, लक्ष्य तथा मुस्कान कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन मिलना गौरव की बात है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

# नगर में जगह-जगह ट्रांसफार्मर के नीचे दुकान, पावरकॉम अंजान

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में जगह-जगह लगाए गए बिजली के ट्रांसफार्मर के नीचे लगाई जा रही खाने-पीने सहित कपड़े एवं सब्जी ठेले की दुकानें किसी भी वक्त बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। लोगों द्वारा मोल लिए जा रहे इस खतरे के प्रति पावरकॉम जरा भी गंभीर नहीं है। अगर ऐसे किसी भी ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग हो गई तो कितना जानी-माली नुकसान होगा इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। गर्मियों में ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा रहता है, इसके कारण स्पार्किंग होने की संभावना अधिक रहती है। नगर में शायद ही कोई ऐसा ट्रांसफार्मर बाकी हो जिसके नीचे दुकान न चल रही हो। खास बात तो यह है कि इसके लिए न तो मंजूरी ली जाती है और न ही किसी हादसे से निपटने के लिए कोई व्यवस्था होती है। नगर की अधिकांश मेन रोड सहित बाजार एरिया पर लगे बिजली के तार और उनके खुले डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स ज्यादा खतरनाक साबित हो सकते हैं। कई ऐसे ट्रांसफार्मर हैं, जिनकी कंडीशन काफी खराब है। फैंसिंग न होने के कारण इसकी तारें भी खुली हैं। अगर समय रहते इनको नहीं बदला गया तो ये ट्रांसफार्मर कभी भी फट सकते हैं। कई ट्रांसफार्मरों की फैंसिंग नहीं होने से ये खतरनाक बने हुए हैं। इतना ही नहीं बिजली विभाग के नियमानुसार ट्रांसफार्मरों के पास चेतावनी बोर्ड होने चाहिए। लेकिन नगर के अधिकतर ट्रांसफार्मर ऐसे हैं, जहां चेतावनी बोर्ड नहीं लगाए गए।



### नियमानुसार होना यह चाहिए

ट्रांसफार्मरों की उंचाई जमीन से कम से कम 10 फीट ऊंची होनी चाहिए। अगर चबूतरे में ट्रांसफार्मर रखा हो तो उसके आसपास घेराबंदी की जाए। भीड़भाड वाले इलाके में ट्रांसफार्मर के पास चेतावनी लिखा बोर्ड जरूर लगाना चाहिए। ट्रांसफार्मर के नीचे और सटकर दुकान, मकान, रेहड़ी फड़ी लगाने पर प्रतिबंध होना चाहिए। नगर के गांधी चौक में तो दुकानदार हद पार कर दिए हैं। ट्रांसफार्मर के नीचे सटाकर दुकान सजाई जा रही है। गर्मी का मौसम होने के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### इनका कहना है

बिजली ट्रांसफार्मर के नीचे जो लोग अपनी रेहड़ी फड़ी या दुकान का सामान रखते हैं। उन्हें विभाग की ओर से कई बार समझाइश दी गई है। अगर कोई हादसा होता है तो दुकानदार और सामान लगाने वाले खुद जिम्मेदार होंगे।

**लालमणि प्रजापति, कनिष्ठ अभियंता**
विद्युत विभाग कोतमा



# वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी विधा सेलिंग का चयन जिला खेल परिसर अनूपपुर में समपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश शासन के खेल और युवा कल्याण एवं सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के दिशा निर्देश संचालक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक टी टी नगर स्टेडियम भोपाल राकेश गुप्ता संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव एवं वाणी साहू एवं विकास खड़ारकर एवं जलज चतुर्वेदी कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोतीउर रहमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी इसरार मंसूरी इन सभी वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिला खेल परिसर अनूपपुर में वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी विद्या सेलिंग का चयन आज दिनांक 11 जून को किया गया जिसमें 86 लड़के लड़कियों ने भाग लिया जिसमें 32 लोग पात्र पाए गए भोपाल से आए कोच अनिल शर्मा शेखर बाथम के द्वारा इनकी लंबाई रूपरेखा देखा और बताया कि सेलिंग एक जल क्रीड़ा है जिसमें नावों का उपयोग करके जल पर चलना और विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेना शामिल है। सेलिंग एक लोकप्रिय खेल है जो शारीरिक और मानसिक कौशल दोनों की मांग करता है, और यहां से जिसका चयन होगा उसका भोपाल वॉटर स्पोर्ट अकडमी के लिए चयन होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र यादव जिला खेल प्रशिक्षक वॉलीबॉल अनूपपुर अजय मंडलोई सहायक ग्रेड 3 दिनेश कुमार सिंह चंदेल ग्रामीण युवा समन्वयक विकास खंड जैतहरी मिथिलेश सिंह नेताम ग्रामीण युवा समन्वयक विकासखंड कोतमा किशन साकेत विजय पटेल विवेक यादव इत्यादि लोगों का पूर्ण सहयोग रहा है इस टैलेंट सर्च के माध्यम से अगर किसी बच्चे का चयन वॉटर स्पोर्ट्स अकैडमी भोपाल में हो गया तो निश्चित ही वह बालक और बालिका चाहे किसी वर्ग का हो निश्चित ही बहुत आगे तक जाएंगे।



# अमरकंटक में धूमधाम से मनाई गई संत कबीर दास जयंती

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में संत कबीर दास की जयंती पूरे हर्ष उल्लास विधि विधान एवं परंपरागत ढंग से पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के पुष्कर बांध पावन तट स्थल पर पूजन अर्चन आरती बंदन के साथ भक्त श्रद्धालुओं पंथ के अनुयायियों ने उत्साह उमंग के साथ मनाया। जेष्ठ माह शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दिन 11 जून को संत कबीर दास जी पावन प्राकट्योत्सव भक्तों श्रद्धालुओं एवं समर्थकों कबीर पंथ के अनुयायियों ने परंपरागत ढंग से विधि विधान के साथ उत्साह एवं उमंग पूर्ण वातावरण में विधिवत पूजन अर्चन आरती के साथ तथा भजन कीर्तन एवं भोजन भंडारा प्रसादी कर मनाया इस दौरान उपस्थित जनों ने संत कबीर दास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा पूजन अर्चन कर माथा टेक प्रणाम कर आशीर्वाद लिया पुष्कर बांध स्थित स्थल पर एवं खंभ पर विशेष पूजन अर्चन किया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम सुबह 8: बजे से शुरू होकर रात्रि 10 बजे तक चला। सायंकाल कार्यक्रम स्थल पर आनंदी चौका बाहर से आए महंत जी के उपस्थिति में आयोजित हुआ तथा भजन कीर्तन भी संपन्न हुआ। संत कबीर दास जी के पावन जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कबीर चबूतरा आश्रम के संत मेहतरू दास, संत गणेश दास, कार्यकर्ता फूल दास सोनवानी, सुरेश सोनवानी, भूरे दास खैरवार, शिव खैरवार, भारत लाल चंद्रवंशी, राजू दास पारस रामेश्वर दास, धीरेंद्र सोनवानी सुरेंद्र दास पारस, दीपेश कुमार बघेल, भक्तिन फूलबाई, सावित्रीबाई सोनवानी, तिजिया बाई गायत्री बाई पारस महिला मंडल की कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि कबीर चबूतरा आश्रम में जेठ मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 10 जून को ही संत कबीर दास की जयंती परंपरागत ढंग से उल्लास पूर्ण वातावरण में पूजन अर्चन विधान के साथ मनाया गया।

# छग मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी ने श्री कल्याण सेवा आश्रम में की सौजन्य मुलाकात



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक में छत्तीसगढ़ शासन के विशेष कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी डाक्टर रवि कांत मिश्रा ने श्री कल्याण सेवा आश्रम अमरकंटक के प्रबंध न्यासी स्वामी हिमाद्री मुनि महाराज से सौजन्य भेंट मुलाकात कर विभिन्न श्रेत्रिय मुद्दों पर विस्तार से विचार विमर्श किया मिश्रा को स्वामी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के लिए प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थल अमरकंटक है जो मध्य प्रदेश में स्थित है जहां पर तीन तरफ से छत्तीसगढ़ की सीमा जुड़ती है प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में छत्तीसगढ़ श्रद्धालु गण मध्य प्रदेश के अमरकंटक दर्शन एवं पर्यटन की दृष्टि से आते हैं इसलिए अमरकंटक के मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ बॉर्डर इलाकों में छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से जो भी मूलभूत सुविधाएं यात्रियों को श्रद्धालुओं को मुहैया किया जा सके उसके लिए कार्य किया जाए जैसे कि मध्य प्रदेश अमरकंटक का छत्तीसगढ़ के गौरेला पेंड्रा से व्यवसायिक एवं यात्रा की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है चुकी अमरकंटक का सबसे निकटतम रेलवे स्टेशन पेंड्रा रोड है जहां से लाखों की संख्या में साल भर में भक्तगण आते हैं अमरकंटक इसलिए छत्तीसगढ़ शासन की सीमा में जो भी सड़क मार्ग है उसको सुरक्षित किया जाए एवं अन्य भी जन उपयोगी सुविधाओं को विकसित किया जाए जिसका विशेष कर्तव्य निष्ठ अधिकारी डॉ रविकांत मिश्रा ने स्वामी को आश्वासन दिया कि जो भी संभव मदद होगी या आपके जो भी सुझाव है उसको पूरा करने में पुरजोर प्रयास किया जाएगा। मिश्रा ने कल्याण सेवा आश्रम में स्थित मंदिर में विशेष पूजा अर्चन की तत्पश्चात मुलाकात के बाद छत्तीसगढ़ की ओर रवाना हो गये।

## सुनील की ईमानदारी, एटीएम में मिले हजारों रुपए को किया थाने के सुपुर्द

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए स्वास्थ्य सेवा से जुड़े सुनील मोटवानी निवासी वार्ड क्रमांक 3 द्वारा मंगलवार को एटीएम में मिले हजारों रुपए को ईमानदारी दिखाते हुए थाना कोतमा में पहुंचाया गया। थाना सहित नगर में जिसने भी इस घटना को सुना सभी के द्वारा सुनील की ईमानदारी की प्रशंसा किया। बताया जाता है कि मंगलवार को सुनील मोटवानी के द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित एटीम में रुपए जमा कराने गए थे जहां पहले से ही मशीन के ऊपर पांच पांच सौ के कई नोट मिले। उन रूपयों को लेकर सुनील मोटवानी थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के पास जमा कराया एवं सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अपील करते हुए जिस किसी सज्जन के रूपये हो वह बैंक से प्रमाणित कर थाना प्रभारी से रुपए प्राप्त कर सकता है। आज के समय में जहां लोग चंद रुपयों के लिए बेईमानी पर उतर आते है वही हजारों रुपए मिलने पर भी ईमानदारी पूर्वक लौटाने पर नगर में चारों तरफ चर्चा हो रही है।